कमला नेहरू कॉलेज,

दिल्ली विश्वविद्यालय

अगस्त क्रांति मार्ग नई दिल्ली,

‘अभिव्यक्ति’ - वाद विवाद समिति

वार्षिक रिपोर्ट सत्र 2020-2021

हिन्दी दिवस 2020 के उपलक्ष्य में ’अभिव्यक्ति’ के तत्वावधान में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती कल्पना भाकुनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा माहेश्वरी ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिनंदन किया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए गूगल मीट के माध्यम से आयोजित वेब आशुभाषण प्रतियोगिता की सभी ने सराहना की।

नवंबर 2020 में ‘अभिव्यक्ति’ ने अपने प्रथम वर्ष के सदस्यों का स्वागत किया और उन्हे समिति के कार्य से अवगत करवाया ।



वर्ष 2021 का शुभारम्भ 'अभिव्यक्ति' ने समिति की चयन प्रक्रिया से किया । एक मीटिंग के माध्यम से चयनित छात्रों का उन्मुखीकरण किया गया । समिति की शिक्षक संयोजिका श्रीमति सीमा माहेश्वरी एवं समिति की वरिष्ठ सदस्यों ने नवागन्तुक सदस्यों का अभिनन्दन किया और उन्हे समिति के क्रियाकलाप से अवगत कराया।

9 जनवरी 2021 को 'अभिव्यक्ति' ने नवागत सदस्यों के लिए अंतः महाविद्यालय वाद-विवाद वेब प्रतियोगिता का आयोजन किया। वाद-विवाद का विषय था "सदन का मत है कि कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षण माध्यम ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है।" निर्णायक डॉ. मंगल देओ एवं डॉ. कुमारी अनीता ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए जो कुछ इस तरह रहे, प्रथम पुरस्कार - साक्षी द्विवेदी (इतिहास विशेष), द्वितीय पुरस्कार- संस्कृति सिंह (मनोविज्ञान विशेष), तृतीय पुरस्कार- सुरभि लौर (बी. ए. प्रोग्राम), प्रोत्साहन पुरस्कार- प्रशंसा (बी. कॉम. प्रोग्राम), और रितिका पाहुजा (बी. कॉम. प्रोग्राम)। विजेताओं के लिए समिति की ओर से नकद ईनाम की घोषणा भी की गई ।



13 फरवरी 2021 को समिति ने अपने सदस्यों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जहाँ सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की एवं अपने वाचन को सुधारने का प्रयास किया ।
अप्रैल 2021 में 'अभिव्यक्ति' - वाद विवाद समिति अपनी वार्षिक अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता 'मुखर' का आयोजन करने के लिए तैयार थी किन्तु विश्वस्तरीय महामारी के चलते इस प्रतियोगिता को स्थगित करना पड़ा ।

3 जून 2021 को 'अभिव्यक्ति' ने अपने वरिष्ठ सदस्यों के लिए 'सफ़रनामा'- विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमे समिति के अध्यापक संयोजक भी उपस्थित थे और सभी सदस्यों की ओर से तृतीय वर्ष के सदस्यों का अभिनंदन किया गया, एवं समिति के प्रति उनकी निष्ठा के लिए उनका धन्यवाद किया गया।

इसके अतिरिक्त 'अभिव्यक्ति': वाद-विवाद समिति की ओर से सदस्यों ने अनेक महाविद्यालयों में आयोजित वाद-विवाद एवं आशुभाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार जीते ।

- 9 जनवरी 2021 को अभियांत्रिकी महाविद्यालय, पुणे द्वारा आयोजित सर विश्वेश्वरैया वक्तृत्व प्रतियोगिता 2021 में साक्षी द्विवेदी को प्रोत्साहन प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ ।
- 14 जनवरी 2021 को रूपान्तरण-एक प्रयास ट्रस्ट द्वारा आयोजित आशुभाशान प्रतियोगिता में राधिका को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।
- गूँज-द लिटररी सोसाइटी ऑफ माहे ने 16 जनवरी 2021 को टर्नकोट वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे साक्षी द्विवेदी को विनर घोषित किया गया ।
- 22 जनवरी 2021 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली द्वारा आयोजित स्क्रिबल्स- रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में तुषिता श्रीवास्तव ने भाग लिया और फ़ाईनलिस्ट रहीं ।
- 24 जनवरी 2021 को तुषिता श्रीवास्तव ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली द्वारा आयोजित शब्द-भेद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
- महिमा ने 12 फरवरी 2021 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर द्वारा आयोजित ओपन टर्नकोट वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया जहाँ उन्हे तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ ।
- 27 फरवरी 2021 को जीसस ऐंड मैरी महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में मेघा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ।
- टेल अ टेल- हाऊस ऑफ पोएट्स द्वारा 23 मार्च 2021 को आयोजित पारंपरिक वाद-विवाद प्रतियोगिता में महिमा ने प्रोत्साहन प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ।
- महिमा ने 7 अप्रैल 2021 को सेंट ज़ेविएर्स कॉलेज और रोटरैक्ट क्लब द्वारा आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता में भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
- 12 अप्रैल 2021 को राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वितर्क-अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में मेघा को सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों ने अन्य प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लीया जहाँ उन्हे अपने वक्तृत्व कौशल को सुधारने का अवसर मिला ।